भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1735**

10 फरवरी, 2026 को उत्तरार्थ

**विषय- राष्ट्रीय बागवानी मिशन**

**1735. श्री अरुण कुमार सागरः**

क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश में संभावित बागवानी विकास, कृषि जलवायु अनुकूलन और विकास को ध्यान में रखते हुए शाहजहांपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विकास खंडों में राष्ट्रीय बागवानी मिशन को मंजूरी देने के लिए कोई कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस प्रस्ताव की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ग) इस प्रस्ताव को कब तक अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

(क) से (ग): राष्ट्रीय बागवानी मिशन (एनएचएम), समेकित बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) की एक उप-योजना है, जिसे देश में बागवानी के समग्र विकास के लिए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। एमआईडीएच के प्रचालन संबंधी दिशा-निर्देशों को वर्ष 2025 में संशोधित किया गया था, जिसके तहत शाहजहाँपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विकास खंडों सहित सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को एमआईडीएच के अंतर्गत शामिल किया गया है।

एमआईडीएच एक केंद्रीय प्रायोजित योजना है, जिसे राज्यों द्वारा उनकी वार्षिक कार्य योजना के आधार पर कार्यान्वित किया जाता है। ये कार्य योजनाएँ राज्यों द्वारा संतुलित बागवानी विकास, कृषि-जलवायु अनुकूलनशीलता और राज्य में विकास की संभावनाओं के संबंध में उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार की जाती हैं।

वर्ष 2025-26 के लिए, उत्तर प्रदेश के लिए 177.08 करोड़ रुपये की वार्षिक कार्य योजना को मंजूरी दी गई है, जिसमें भारत सरकार का 106.24 करोड़ रुपये का हिस्सा अर्थात् स्वीकृत परिव्यय का 125% शामिल है। यह योजना शाहजहांपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विकास खंडों सहित उत्तर प्रदेश में विभिन्न बागवानी गतिविधियों को कवर करेगी, जिनमें नर्सरी, क्षेत्र विस्तार, मशरूम, संरक्षित खेती, जैविक खेती, मधुमक्खी पालन, बागवानी मशीनीकरण, फसलोपरांत प्रबंधन, उत्कृष्टता केंद्र, बाजार आदि शामिल हैं।

*****